# 'आमजन व जनप्रतिनिधि सड़क व निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का रखें ध्यान'

**डीग, भरतपुर** (निसं)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म शनिवार को नगर विधानसभा के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग की विभिन्न सड़क योजनाओं का लोकार्पण किया।

गृह राज्य मंत्री ने 30 लाख की लागत से .6 किलोमीटर सड़क मशरूम प्लांट से बंध बास होते हुए छापर रोड तक, 23 लाख की लागत से .30 किलोमीटर सड़क कालू के घर से गैस एजेंसी की ओर सीसी सड़क निर्माण गुरु नानक कॉलोनी, 36 लाख की लागत से .80 किलोमीटर सड़क सनूर बास से झांझर रोड की ओर, 29 लाख की लागत से .45 किलोमीटर सड़क खड़खड़ी रोड से कॉलेज की ओर डामरीकरण, 32 लाख की लागत से .50 किलोमीटर की सड़क खड़खड़ी रोड से पीडब्ल्यूडी कार्यालय डामरीकरण, 13.40 लाख रुपए की लागत से .25 किलोमीटर सड़क अशोक बंसल की दुकान से गांधीनगर स्कूल, 8.80 लाख रुपए की लागत से .12 किलोमीटर सड़क प्रीतम सरदार टायर पंचर वाली दुकान से बंधवास रोड, 5.20 लाख रुपए की लागत से .13 किलोमीटर सड़क दिलेर वाली गली इंटरलॉकिंग के बाद, 14 लाख रुपए के लागत से .15 किलोमीटर सड़क जयश्री मोड से नेमीचंद मूर्तिकार, 6.50 लाख रुपए की लागत से .12 किलोमीटर सड़क पुराना थाना से दिल्ली कुम्हार के घर तक, 9 लाख की लागत से .18 किलोमीटर सड़क वहीद फर्नीचर वाली गली, 10.70 लाख रुपए की लागत से .20 किलोमीटर सड़क नगर रोड से कपिल शर्मा वाली गली, 8 लाख के लागत से .15 किलोमीटर सड़क कपिल शर्मा से गोविंदगढ़ रोड वाली गली, 19 लाख रुपए के लागत से .50 किलोमीटर सड़क छज्जूखेड से खेड नौबाद की ओर, 38 लाख रुपए की लागत से एक किलोमीटर की सड़क सिहावली से घमूडकीमोड, 30 लाख रुपए की लागत से .80 किलोमीटर सड़क झांतली से बेलाबास, 41 लाख रुपए की लागत से एक .10 किलोमीटर सड़क बयारी से रायपुर सुकैती की ओर, 57 लाख की लागत से डेढ़ किलोमीटर सड़क अमर सिंह बास से पुरानी खेहरी की ओर, 61 लाख रुपए की लागत से 1.60 किलोमीटर सड़क सीकरी खोहरी मैन रोड से जिला सीमा तक वाया मदरसा, 31.42 लाख रुपए की लागत से .70 किलोमीटर सड़क सीकरी पहाड़ी सड़क से छज्जूखेड़ा, 27 लाख रुपए की लागत से .60 किलोमीटर सड़क मशरूम फैक्ट्री से छापर रोड वाया नहर और 28 लाख रुपए की लागत से 2 किलोमीटर सड़क डाबक से मिट्ठूपुरा सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस प्रकार उन्होंने 558.02 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण पूरा किया।


गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने विभिन्न सड़क योजनाओं का लोकार्पण किया।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा जनता के बीच जाकर प्रत्येक कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार द्वारा अधिक से अधिक बजट घोषणाओं कार्यों को धरातल पर उतारकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि आमजन एवं जनप्रतिनिधि सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखें एवं किसी प्रकार की समस्या होने पर सरकार को अवगत करवाएं। आपके फ़ीडबैक के आधार पर तत्काल सरकार द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा की सरकार की मंशा अनुरूप अच्छी रोड कनेक्टिविटी हो, इसके लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। नगर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु सरकार पूरी गंभीरता से कार्य रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान उन्होंने जनता से मुलाकात कर सरकार की विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को नगर विधानसभा में विकास कार्यों की सौगात देने पर जनता की ओर से धन्यवाद दिया।

## संदिग्धावस्था में युवती की मौत

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रसेन कॉलोनी में किराए के मकान में रह कर रीट की तैयारी कर रही एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव उसके किराए के कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। शनिवार को पोस्टमॉर्टम होने से पहले ही परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। वहीं, अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। छात्रा करौली जिले के सपोटरा तहसील के गांवदा की रहने वाली थी। मृतका के पिता हंसराज मीणा ने उदई मोड थाने में मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार शाम को राजेश मीणा ने बेटी की मौत की सूचना दी थी। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी शिवानी मीणा अग्रसेन कॉलोनी में जीपीएस स्कूल के सामने एक मकान की दूसरी मंजिल पर किराए के कमरे में रह रही थी। वह रीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मौके पर पहुंचा तो उसका एक पैर पलंग पर था और दूसरा जमीन को छू रहा था, जो आत्महत्या की स्थिति में संभव नहीं है। घटना का पता चलने पर काफी संख्या में मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई। लोग युवती ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है, इसी पर चर्चा करते दिखाई दिए। सूचना पर उदेई मोड थानाधिकारी राजवीरसिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतार कर राजकीय अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस ने मौके से मोबाइल और अन्य चीजों को जप्त कर लिया। पिता ने पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करवाई। इसके बाद शनिवार को पुलिस के अधिकारियों ने समझाइश की।

## सार-समाचार

### मोहित मंगल का किया सम्मान



**गंगापुर सिटी**, (निसं)। हाल ही में राष्ट्र ीय स्तर पर संपन्न हुई सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में चयनित हुए गंगापुर सिटी वैद्य कॉलोनी निवासी मोहित मंगल पुत्र महेश चंद गुप्ता पलासोद वाले का विप्र फाउंडेशन राजस्थान जॉन एक डी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा के नेतृत्व में साफा माला पहनाते हुए प्रतीक चिन्ह देते हुए मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. हेमंत शर्मा ने कहा कि गंगापुर सिटी के होनहार विद्यार्थी मोहित मंगल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर केशव नगर गंगापुर सिटी से की एवं उसके बाद की 12 वी तक की पढाई गंगापुर सिटी में ही निजी विद्यालयों में पूर्ण की, उसके बाद मोहित ने जयपुर में एमएनआईटी कॉलेज से अपनी बीटेक पूरी की एवं उसके पूर्ण होने के बाद मोहित का प्लेसमेंट एलएनटी कंपनी में हुआ वहाँ 2 वर्ष तक कार्य कर अपनी जॉब को छोडकर घर पर रहते हुए ही हमारे देश की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा यूपीएससी परीक्षा में 536 वी रैंक हासिल कर गंगापुर शहर ही नहीं संपूर्ण राजस्थान प्रदेश का नाम रोशन किया है। वर्तमान में एकेडमिक शिक्षा में अध्यनरत मेधावी विद्यार्थियों को मंगल की सफलता से प्रेरणा लेते हुए अपने स्वाध्याय के प्रति जागरूक रहकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विप्र फाऊंडेशन युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा ने मोहित मंगल के पिता महेश चंद गुप्ता माला एवं साफा पहना कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष बाल कृष्ण शर्मा, विप्र फाउंडेशन प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा, प्रदेश सचिव विष्णु गुरुजी, जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाडी, जिला संगठन महामंत्री मदन मोहन शर्मा, गोविंद सहाय शर्मा, दुर्गेश शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा सहित अनेक ब्रह्मजन उपस्थित रहे।

### लाठी-डंडों से हमला, चार घायल

**रूदावल** (निसं)। रुदावल थाना क्षेत्र के गांव मडौली में वीडियो बनाने के लिए मोबाइल देने की मना करने पर हुई कहासुनी के बाद नामजदों ने हमला कर चार जनों को घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए रुदावल सीएचसी पर भर्ती कराया गया। मां की हालत गंभीर होने से आरबीएम चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। रुदावल थाने के हैड कांस्टेबल प्रमोद कुमार ने बताया कि गांव मडौली निवासी सुशील कुमार पुत्र रामखिलाडी जाटव ने मामला दर्ज कराया है कि वह खेत से वापस लौट रहा था कि रास्ते में मोहित ने वीडियो बनाने के लिए मोबाइल मांगा। मना करने पर गाली-गलौच कर दी। कहासुनी के बाद सुशील घर लौट आया। थोड़ी देर बाद मोहित, सुमित, संजय, अंजना, सीमा और मोहनदेई लाठी-डंडे, धारदार हथियार और ईंट-पत्थर लेकर सुशील के घर में घुस आए। सभी ने मिलकर सुशील, उसकी मां लौंगश्री, भाई रवि और बहन ममता पर जानलेवा हमला कर दिया। सुमित ने सुशील के सिर पर धारदार हथियार से वार किया। ममता बीच-बचाव करने आई तो संजय ने उसकी चोटी पकड़कर नीचे पटक दिया। लात-घूंसों से पीटा। हमले में सभी को गंभीर चोटें आईं। जिन्हें उपचार के लिए रुदावल सीएचसी पर भर्ती करायज्ञ। जहां लौंगश्री को हालत गंभीर होने पर आरबीएम अस्पताल भरतपुर रेफर कर दिया।

### प्रशासनिक अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट

**भरतपुर**, (निसं)। लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ. प्रेम सिंह कुंतल के नेतृत्व में भरतपुर में नियुक्त नवागंतुक प्रशासनिक अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने नए जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, नव नियुक्त संभागीय आयुक्त टीना सोनी, भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कनिष्क कटारिया एवं नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने सभी अधिकारियों को उनके नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में भरतपुर विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। बैठक में भरतपुर के समठा विकास, उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान, रेलवे ओवरब्रिज के कारण बंद मार्गों के वैकल्पिक समाधान तथा नए उद्योगों को प्रोत्साहन देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने भरतपुर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए उद्योगों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### दो बाइक की टक्कर, दो घायल

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। शनिवार को सेड माता रोड स्थित बायपास पर दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान गद्दी मिर्जापुर निवासी सोहल खान और बडी उदेई निवासी अरशद के रूप में हुई है। दोनों अलग-अलग दिशाओं से तेज गति से आ रहे थे। टक्कर के बाद दोनों सडक पर गिर गए। हादसे के बाद काफी संख्या में लोगों की भीड जमा हो गई। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अरशद की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। सोहल का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।

### बाल मुरारी बापू का सत्संग आज

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। श्रीराम कथा समिति के तत्वाधान में बाल मुरारी बापू का सत्संग रविवार को शुक्ला मंदिर नहर रोड पर सुबह साढे 8 बजे से 1० बजे तक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र खण्डेलवाल ने श्री राम कथा समिति बाल मुरारी बापू के समस्त शिष्यों एवं धर्म प्रेमियों सत्संग में सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

## भामाशाह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**करौली**, (निसं)। भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के आदेशानुसार भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मुख्यालय पुष्पेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार डाईट परिसर में जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि के रूप में विश्वेंद्र सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक पुष्पेंद्र कुमार शर्मा ने 8 भामाशाहों एवं 4 प्रेरकों को सम्मानित किया।भामाशाह में हरिकैलाश मीणा एक लाख रुपए,हरकेश मीणा एक लाख 260 रुपये,कामन्ता मीणा 2लाख 25हजार रूपये,मोहर सिंह 5लाख 75हजार से कक्षा कक्ष का निर्माण,प्रधान सिंह गुर्जर वरिष्ठ अध्यापक और कमांडो शिवदयाल गुर्जर दोनों ने तीन-तीन लाख कुल 6 लाख रुपए से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवलेन में कक्षा कक्ष का निर्माण, प्रशांत पाल 7लाख 50हजार,रामदयाल 5लाख 75हजार से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघानिया(टोडाभीम) में कक्षा कक्ष का निर्माण,बच्चन सिंह दो हालों का निर्माण 5लाख रूपयो से । इन सभी भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र और साफा बंधन कर सम्मानित किया गया। साथ ही इन भामाशाहों को प्रेरित करने वाले चार प्रेरकों को भामाशाह प्रेरक सम्मान से सम्मानित किया गया प्रेरक राजवीर सिंह,राजेश कुमार मीणा वरिष्ठ अध्यापक स्वामी विवेकानंद रा. मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली,महेंद्र कुमार शर्मा और श्याम बिहारी प्रधानाचार्य राजकीय उच्च मा. वि. सिंघानिया। गौरतलब है कि श्याम बिहारी प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघानिया विद्यालय ने अब तक कुल 18 लाख रुपये विगत 3 वर्षों में भामाशाहों से प्रेरित कर प्राप्त किये हैं।

## जाटव महासभा समिति की बैठक

**भरतपुर**, (निसं)। जिला जाटव महासभा समिति की बैठक अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह की अध्यक्षता में अम्बेडकर भवन पटपरा मौहल्ला में हुई, जिसमें सर्वप्रथम बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। मीटिंग में अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह द्वारा बताया गया, तहसील वाईज अध्यक्षों का स्वागत किया गया, जिसमें धीरेन्द्र, चेतराम भारतीय का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बाबा हरदेव सिंह ने बताया कि जिला जाटव महासभा समिति को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुँचाकर कार्यकर्ता बनाये जा रहे हैं तथा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। भरतपुर जिले में सभी तहसील व ब्लॉक अध्यक्षों तथा जिला कार्यकारिणी द्वारा आगामी माह में सम्मेलन किया जावेगा। पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कैन ने मुख्यमंत्री से डी.जी.पी. महेरणा का कार्यकाल बढाये जाने की मांग की, जिसको पूर्व सहमति से हाथ उठाकर मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया।

## ग्रीष्मकालीन अभिरुचि व कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**करौली**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय करौली में आयोजित किये जा रहे ठीष्मकालीन अभिरुचि केंद्र के समापन समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमना राम ने कहा की बालक बालिकाएं अपने-अपने अभिभावकों से दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनने के लिए बाध्य करें।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में स्थानीय राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय में 17 मई से आयोजित किये जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमना राम ने बालक बालिकाओं से मोबाइल का कम से कम उपयोग करने की सीख दी एवं कहा कि मोबाइल से बालक बालिकाओं को फायदा कम जबकि उनकी आंखों को नुकसान अधिक होता है उन्होंने कहा कि पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए साथ में सह शैक्षिक गतिविधियों में भी समर्पित होकर भाग लेना चाहिए जिससे उनका समठा विकास हो सके। उन्होंने स्काउट गाइड द्वारा संचालित किए गए ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि बालक बालिकाओं में ग्रीष्मावकाश के समय का सदुपयोग करने का सशक्त माध्यम है इससे अधिक से अधिक बालक बालिकाओं को जोड़ा जाना चाहिए कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य महेश बाबू गुप्ता ने प्रशिक्षण शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालक बालिकाओं को प्रतिवर्ष कम से कम एक विधा में निपुण होना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी बालक बालिकाओं से कहा कि आज नशे की लत आम लोगों में बढ़ती जा रही है बालक बालिकाओं को चाहिए कि वह स्वयं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करें एवं अपने परिवार में भी किसी को नशा नहीं करने दे। इस अवसर पर उन्होंने बालक बालिकाओं को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। इससे पूर्व अतिथियों के शिविर केंद्र पर पहुंचने पर प्रियांशी शर्मा मानसी जांगिड़ सिद्धि शर्मा ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत किया जबकि संचालक पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता प्रशिक्षक साक्षी शर्मा इशरत जहां वैष्णवी ने स्कार्फ पहना कर स्वागत किया इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में बालक बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये जिसमें सिद्धि शर्मा ने चटक मटक जबकि हर्ष एंड पार्टी ने देवा श्री गणेशा पर नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।

## बैठक आयोजित

**भरतपुर**, (निसं)। जय श्री बांके बिहारी सेवा समिति के संस्थापक जयप्रकाश गोयनका ने बताया कि समिति द्वारा 13 जुलाई रविवार को समिति अध्यक्ष श्री हरि गोविंद मिश्रा के संयोजन में निःशुल्क जांच शिविर व फिजियोथैरेपी शिविर लगाया जाएगा अध्यक्ष हरि गोविंद मिश्रा ने बताया कि प्रताप कॉलोनी, प्रताप पार्क के पास कुम्हेर गेट स्थित समिति कार्यालय मेंएस.के.हेल्थ केयर एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के सौजन्य से जांच शिविर लगाया जाएगा जिसमें बीपी, वेट, शुगर की जांच हीमोग्लोबिन जांच सीबीसी इत्यादि जांच कराई जाएगा। डॉ नकुल गोयनका फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा कमर दर्द गर्दन का दर्द साइटिका का दर्द घुटनों का दर्द का भी उपचार निशुल्क किया जाएगा।

## आमजन को स्वच्छता के प्रति करें जागरूक : डॉ. जयंतीलाल मीणा

**करौली**, (निसं)। मानसून के दृष्टिगत जिलेभर में स्वास्थ्य सतर्कता बरतने और मच्छर जनित एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य मौसमी रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिसे लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग पूर्ण सतर्कता बरत रहा है।

सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने सभी बीसीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक रविवार ड्राई डे के दौरान फील्ड में नियमित रूप से की जा रही एंटी लार्वा गतिविधियां संपादित करने में तेजी लाये, जलभराव की स्थिति पर नियंत्रण रखें तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। साथ ही, स्थानीय निकायों के समन्वय से फॉगिंग और लार्वा रोधी गतिविधियों को गति देने के निर्देश भी दिए। सीएमएचओ ने आमजन से अपील की है कि मौसमी बीमारी से संबंधित कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सालय में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार प्राप्त करें। स्वच्छता, पानी की सही निकास्त्री और मच्छर से बचाव के उपाय अपनाकर ही संक्रमण से बचा जा सकता है।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. ओ पी महावर ने बताया कि मौसमी बीमारियों के त्वरित उपचार के लिए सभी चिकित्सा संस्थानों को पहले से ही अलर्ट किया गया है। फील्ड में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए लगातार एंटीलारवल गतिविधियां संपादित की जा रही है, जिला व ब्लॉक स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की स्थापित किये गये है। अस्पतालों में दवाओं, जांच किट्स तथा चिकित्सकों की शिफ्टवार ड्यूटी की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा। किसी भी तरह की जानकारी देने या मौसमी बीमारियों से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने हेतु कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है।

## प्रसादी बांटी

**भरतपुर**, (निसं)। श्री बाँके बिहारी मंदिर विकास ट्रस्ट की ओर से रथ यात्रा मे प्रसादी वितरण किया गया। श्री जी की रसोई के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि दो मंदिरों द्वारा जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गयी जिसमे बाँके बिहारी मंदिर विकास ट्रस्ट द्वारा निकाली गयी रथयात्रा जिसमे ठाकुर जी नगर भ्रमण के लिए निकले।

शोभायात्रा मे श्री जी रसोई के सभी सेवा साथियों के द्वारा गर्मी को देखते हुए सभी भक्तों के लिए रेडक्रॉस सेर्किल पर ठंडा ठंडा मिल्क रोज पिलाया गया।दूसरी रथयात्रा जो कि मदन मोहन जी टांडा मंदिर कि ओर शाम को निकाली गयी रथ यात्रा जो नेहरू पार्क, चोबुर्जा, लक्ष्मण मंदिर, कोतवाली, गोवर्धन गेट से होती हुई वापस मंदिर आयी

## पदोन्नति, पद सृजन व तृतीय श्रेणी अध्यापक के स्थानांतरण की मांग

**रुदावल/भरतपुर**, (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक हनुमान मंदिर रुदावल पर प्रदेश सह संगठन महामन्त्री बदन सिंह मीना के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष नरेश गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. महेश गुर्जर प्रधानाचार्य, प्रदेश पदाधिकारी पुरुषोत्तम पाराशर, मानसिंह बंजारा, सभाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिलाध्यक्ष कृष्णसिंह बैसला, जिला मंत्री वासुदेव योगी रहे शिक्षक संघ की बैठक में पदाधिकारियों द्वारा अधिक संख्या में शिक्षकों को संगठन से जोडकर सदस्य संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। संगठन की ओर से आयोजित बैठक में रुपबास ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भानूप्रताप सिंह परमार को संयुक्त मंत्री, मुकेश गुर्जर को शिक्षा प्रसार अधिकारी, सत्यप्रकाश शर्मा को कार्यालय मंत्री, रामप्रकाश गुर्जर को क्षेत्रीय संगठन मंत्री, ओमप्रकाश प्रजापति को प्रधानाध्यापक सदस्य मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष कृष्णसिंह सिंह बैसला ने बताया कि संगठन की सरकार से मांग है कि वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की लम्बित 2021-2022, 2022-2023 की आरआर डीपीसी 2023-2024, 2024-2025, 2025-2026 की तीन बर्ष की लम्बित डीपीसी शीघ्र संपन्न कराने, तृतीय श्रेणी अध्यापक के स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाने और उनकी विगत पांच बर्षों से लम्बित डीपीसी जल्द से जल्द संपन्न कराने, विगत वर्षो में क्रमोन्नत विद्यालयों में समस्त पदों का प्राथमिकता के साथ सृजन हो ताकि इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समुचित शिक्षा प्राप्त हो सके और साथ ही नवयुवकों को रोजगार के अवसर प्राप्त हों विभिन्न वर्ग के शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर कराने की मांग की है। बैठक में कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र ये मांगें नहीं मानी तो राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) द्वारा मजबूर होकर पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन किया जायेगा इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री कुमरसैन योगी, संगठन मंत्री वीरेंद्र गुर्जर, ब्लॉक कोषाध्यक्ष हरिओम, ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र परमार, ब्लॉक प्रवक्ता सत्यप्रकाश खटाना, सदस्य प्राथमिक शिक्षा मयंक गुर्जर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।


राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक आयोजित हुई।

## आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जताया विरोध

**करौली**, (निसं)। सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज, महिलाओं और देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण महासंघ ने विरोध जताया है। करौली में सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज, महिलाओं और देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों का मामला सामने आया है। ब्राह्मण महासंघ ने इस मामले में कडा विरोध जताया है।ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सोशल मीडिया पोस्ट की कटिंग के साथ शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। प्रदे'ा अध्यक्ष उपाध्याय ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि 12 घंटे पहले जिला पुलिस अधीक्षक को मामले की जानकारी दी गई थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।इस दौरान मंडरायल अध्यक्ष कैलाश भारद्वाज और जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा भी मौजूद थे। महासंघ ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।


## श्रीमद्भागवत कथा हवन व भंडारे के साथ सम्पन्न

**भरतपुर**, (निसं)। सेक्टर नंबर 3 स्थित पत्रकार कॉलोनी में पार्क के सामने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भक्तिभाव और जन सहयोग से भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। यह सात दिवसीय भागवत कथा 21 जून से प्रारंभ होकर शनिवार को सामूहिक हवन, पूर्णाहुति और भंडारा प्रसादी के साथ संपन्न हुई। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सामूहिक पूजा-अर्चना कर ईश्वर से सुख, शांति

- **सेक्टर नंबर 3 स्थित पत्रकार कॉलोनी में पार्क के सामने हुआ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ**

और समृद्धि की कामना की।

कथा वाचक साध्वी उमा गौतम ने पूरे सप्ताह भगवान श्रीहरि के विभिन्न अवतारों, भक्त ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद भक्तिरस, वामन अवतार और अजामिल मोक्ष जैसी प्रेरणादायक कथाओं का भावपूर्ण और सरस वर्णन किया। उनके प्रवचनों से उपस्थित श्रोतागण भाव-विभोर हो उठे और भक्ति रस में डूबे रहे। सामूहिक हवन में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूर्ण आहुति दी गई। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन पूरी तरह जनसहयोग से हुआ और कॉलोनीवासियों ने तन-मन-धन से इसमें योगदान दिया। संपूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण और भक्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।


भरतपुर में श्रीमद्भागवत कथा का सामूहिक हवन और भंडारे के साथ भावपूर्ण समापन हुआ।